आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 28.03.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समाज कल्याण, महिला सशक्तिकरण और जनजाति कल्याण विभाग की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिये।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने विश्वविद्यालयों में शोध और पेटेंट पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, कहा– राष्ट्र के विकास में अनुसंधान आधारित शिक्षा की भूमिका महत्वपूर्ण।
- केंद्र सरकार सहकारी–आधारित 'सहकार' टैक्सी सेवा शुरू करेगी।
- धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये, पिथौरागढ़ के मां कोटगाड़ी मंदिर को मानसखंड मंदिर माला मिशन से जोड़ा जाएगा।

निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समाज कल्याण, महिला सशक्तिकरण और जनजाति कल्याण विभाग की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिये हैं। देहरादून में कल विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा से जुड़े कार्यों का ठोस परिणाम दिखना चाहिए और सभी लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिये।

श्री धामी ने कहा कि राज्य के विकास के लिए अधिकारियों को सकारात्मक माहौल दिया जा रहा है ताकि वे बेहतर ढंग से काम कर सकें। उन्होंने बताया कि अब हर महीने मुख्यमंत्री के संदेश के साथ तय तारीख को वृद्धावस्था पेंशन का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। पर्वतीय क्षेत्रों में अकेले रहने वाले बुजुर्गों की देखभाल के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों को भी जोड़ा जाएगा।

नशा मुक्त उत्तराखंड योजना के तहत बनाए गए केंद्रों के प्रचार–प्रसार और देखरेख पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान समाज कल्याण विभाग की पेंशन योजनाओं, आईटीआई प्लेसमेंट, और शेल्टर होम जैसी योजनाओं पर भी काम तेज करने को कहा गया। औसत प्रदर्शन करने वाली योजनाओं में सुधार की बात

करते हुए पूर्व माध्यमिक छात्रवृत्ति योजना, अटल आवास योजना और एससी वर्ग की योजनाओं को और उपयोगी बनाने की आवश्यकता जताई गई।

वन यूनिवर्सिटी वन रिसर्च

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने विश्वविद्यालयों को शोध और पेटेंट पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अनुसंधान आधारित शिक्षा किसी भी राष्ट्र के विकास में अहम भूमिका निभाती है। देहरादून स्थित राजभवन में कल राजकीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक में राज्यपाल ने यह बात कही। बैठक में "वन यूनिवर्सिटी, वन रिसर्च" की अवधारणा के तहत हो रहे शोध कार्यों सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर राज्यपाल ने सुझाव दिया कि एक शोध समाप्त होने से पहले अगली योजना तैयार होनी चाहिए और विश्वविद्यालयों को इसके लिए बजट भी बढ़ाना चाहिए।

राज्यपाल ने इस दौरान ''चांसलर ट्रॉफी'' नाम से प्रत्येक वर्ष अंतर्विश्वविद्यालयी खेल प्रतियोगिता शुरू करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी और राष्ट्रीय खेलों के लिए बने ढांचे का बेहतर उपयोग हो सकेगा। उन्होंने ट्रॉफी में लोकप्रिय खेलों को शामिल करने की बात कही।

कार्रवाई

देहरादून के गुलरघाटी खाद्य गोदाम में कल लगातार दूसरे दिन भी जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर कार्रवाई जारी रही। जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण के बाद गोदाम में भारी अनियमितताओं का खुलासा हुआ था, जिसके चलते प्रशासनिक टीम हर खेप की सैंपलिंग कर रही है।

अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह के नेतृत्व में टीम ने चावल की सभी खेपों से नमूने लेकर उनकी गुणवत्ता की जांच की। जांच में कल भी 12 लॉट के सैंपल फेल पाए गए। जिलाधिकारी ने खराब चावल को नष्ट करने के निर्देश दिए हैं और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की तैयारी कर ली गई है।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गोदाम में न तो रजिस्टर में का रखरखाव सही था और न ही रखरखाव की उचित व्यवस्था था। चूहों से अनाज की सुरक्षा के लिए कोई उपाय नहीं किया गया था और बोरियों में अंकित वजन से कम वजन पाया गया।

नियुक्ति

उत्तराखंड उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों में संस्कृत विषय के 12 असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति की है। ये नियुक्तियां दुर्गम और अति दुर्गम क्षेत्रों के कॉलेजों में की गई हैं।

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि इन नियुक्तियों से कॉलेजों में शैक्षणिक गतिविधियों में सुधार होगा और संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षण संस्थानों में ढांचागत विकास और संसाधनों की उपलब्धता को लेकर लगातार प्रयास कर रही है।

विशेष प्रबंध

चंपावत के टनकपुर में मां पूर्णागिरि धाम आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष इंतजाम किए गए हैं। शारदा नदी और घाट क्षेत्र में गर्मी के मौसम में स्नान के लिए श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त तैराक पुलिस टीम तैनात की गई है।

नगर पालिका ने श्रद्धालुओं के लिए नगर क्षेत्र में प्रवेश और स्वागत द्वार, बेहतर लाइटिंग और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की है। साथ ही, शारदा घाट पर महिलाओं की सुविधा के लिए चेंजिंग रूम भी बनाए गए हैं, जिससे वे सुरक्षित और आरामदायक अनुभव प्राप्त कर सकें।

सहकारी टैक्सी सेवा

गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि सरकार सहकारी टैक्सी सेवा शुरू करेगी। सहकारिता के माध्यम से संचालित यह सेवा उबर और ओला के मॉडल पर काम करेगी। लोकसभा में श्री शाह ने कहा कि यह कदम सहकार से समृद्धि के अनुरूप उठाया गया है।

वर्चुअल उद्घाटन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिथौरागढ़ के पांखु में आयोजित तीन दिवसीय पुंगराऊं महोत्सव का वर्चुअली शुभारंभ किया। यह आयोजन आदिशक्ति मां कोकिला कोटगाड़ी भगवती को समर्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे महोत्सव परंपराओं को जीवित रखने और युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने महोत्सव के लिए पांच लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा भी की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल शहरों का ही नहीं, बल्कि गांवों का विकास करना भी है। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं के जरिए गांवों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार मानस खंड मंदिर माला मिशन के तहत कुमाऊं क्षेत्र के प्राचीन मंदिरों का विकास कर रही है। मां कोटगाड़ी मंदिर को भी इस मिशन के दूसरे चरण में शामिल किया जाएगा। इससे श्रद्धालुओं के साथ–साथ रोजगार भी गांवों तक पहुंचेगा।

छात्र संसद 2025

चमोली जिले में, गैरसैंण के भराड़ीसैंण में अंतर्राष्ट्रीय संसदीय अध्ययन, शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से आयोजित दो दिवसीय ''छात्र संसद 2025'' का समापन सफलतापूर्वक हुआ। इस कार्यक्रम में चमोली मंडल के पांच महाविद्यालयों के 70 छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया और उत्तराखंड की लोकसंस्कृति, पारंपरिक कृषि, जल संरक्षण और जैविक खेती जैसे विषयों पर विचार रखे।

छात्रों ने प्रदेश के समग्र विकास और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण को लेकर अपने सुझाव दिए। कार्यक्रम के समापन पर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले पांच छात्रों को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

नशा रोकथाम

पौड़ी गढ़वाल में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने नशे पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस, राजस्व और आबकारी विभाग को मिलकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एनआईसी कक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने लक्ष्मणझूला क्षेत्र में ड्रग्स की आपूर्ति पर छापेमारी करने के निर्देश दिए और अवैध भांग की खेती वाले इलाकों में संयुक्त रूप से चेकिंग कर उसे नष्ट करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पकड़े जाने पर आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक के दौरान मुख्य शिक्षाधिकारी को निर्देश दिए गए कि छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी वीडियो क्लिप के माध्यम से दी जाए। मेडिकल स्टोरों की नियमित जांच कर किसी भी प्रकार की ड्रग्स बिक्री पर तत्काल कार्रवाई करने को भी कहा गया।

जन सांख्यिंकी परिवर्तन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में जनसांख्यिंकी के तेजी से बदलने पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की आबादी वर्ष 2000 में 84 लाख थी, जो वर्ष 2023 में एक करोड दो 27 लाख से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि इसके नियंत्रण के लिये राज्य में विशेष अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है।

प्रवेश पत्र जारी

हरिद्वार में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों के प्रधानाचार्य पद के लिए लिखित परीक्षा 30 मार्च को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं।

नगर मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान ने बताया कि यह वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा हरिद्वार नगर स्थित उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के परीक्षा भवन में एकल सत्र में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक संपन्न होगी।

और अब एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

देश में अवैध घुसपैठ और गैर कानूनी ढंग से रहने वालों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला समाचार पत्र का शीर्षक है– भारत कोई धर्मशाला नहीं, अवैध घुसपैठ पर हर हाल में मिलेगी कड़ी सजा। इसी ख़बर पर राष्ट्रीय सहारा लिखता है– अशांति फैलाने के लिए आने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई।

राज्य सरकार ने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य एडवाइजरी जारी की है। इस खबर पर दैनिक जागरण ने लिखा है– चारधाम यात्रा के लिए 12 भाषाओं में स्वास्थ्य संबंधी एडवाइजरी जारी।

सी०बी०एस०ई ने डमी स्कूलों में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए चेतावनी जारी है। नवोदय टाइम्स समाचार पत्र का शीर्षक है– डमी स्कूल के छात्र नहीं दे सकेंगे 12वीं की बोर्ड परीक्षा।

राज्य में अवैध मदरसों के खिलाफ कारवाई को सभी समाचार पत्रों ने प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण समाचार पत्र ने मुख्यमंत्री का हवाला देते हुए लिखा है– अवैध मदरसों और अतिक्रमण के खिलाफ तेज रहेगी कार्रवाई।